# गिरिराज चालीसा in Hindi

॥ दोहा ॥
बन्दहुँ वीणा वादिनी,धरि गणपति को ध्यान।
महाशक्ति राधा सहित,कृष्ण करौ कल्याण॥

सुमिरन करि सब देवगण,गुरु पितु बारम्बार।
बरनौ श्रीगिरिराज यश,निज मति के अनुसार॥

॥ चौपाई ॥
जय हो जय बंदित गिरिराजा।ब्रज मण्डल के श्री महाराजा॥
विष्णु रूप तुम हो अवतारी।सुन्दरता पै जग बलिहारी॥

स्वर्ण शिखर अति शोभा पामें।सुर मुनि गण दरशन कूं आमें॥
शांत कन्दरा स्वर्ग समाना।जहाँ तपस्वी धरते ध्याना॥

द्रोणगिरि के तुम युवराजा।भक्तन के साधौ हौ काजा॥
मुनि पुलस्त्य जी के मन भाये।जोर विनय कर तुम कूँ लाये॥

मुनिवर संघ जब ब्रज में आये।लखि ब्रजभूमि यहाँ ठहराये॥
विष्णु धाम गौलोक सुहावन।यमुना गोवर्धन वृन्दावन॥

देख देव मन में ललचाये।बास करन बहु रूप बनाये॥
कोउ बानर कोउ मृग के रूपा।कोउ वृक्ष कोउ लता स्वरूपा॥

आनन्द लें गोलोक धाम के।परम उपासक रूप नाम के॥
द्वापर अंत भये अवतारी।कृष्णचन्द्र आनन्द मुरारी॥

महिमा तुम्हरी कृष्ण बखानी।पूजा करिबे की मन ठानी॥
ब्रजवासी सब के लिये बुलाई।गोवर्द्धन पूजा करवाई॥

पूजन कूँ व्यञ्जन बनवाये।ब्रजवासी घर घर ते लाये॥
ग्वाल बाल मिलि पूजा कीनी।सहस भुजा तुमने कर लीनी॥

स्वयं प्रकट हो कृष्ण पूजा में।माँग माँग के भोजन पामें॥
लखि नर नारि मन हरषामें।जै जै जै गिरिवर गुण गामें॥

देवराज मन में रिसियाए।नष्ट करन ब्रज मेघ बुलाए॥
छाँया कर ब्रज लियौ बचाई।एकउ बूँद न नीचे आई॥

सात दिवस भई बरसा भारी।थके मेघ भारी जल धारी॥
कृष्णचन्द्र ने नख पै धारे।नमो नमो ब्रज के रखवारे॥

करि अभिमान थके सुरसाई।क्षमा माँग पुनि अस्तुति गाई॥
त्राहि माम् मैं शरण तिहारी।क्षमा करो प्रभु चूक हमारी॥

बार बार बिनती अति कीनी।सात कोस परिकम्मा दीनी॥
संग सुरभि ऐरावत लाये।हाथ जोड़ कर भेंट गहाये॥

अभय दान पा इन्द्र सिहाये।करि प्रणाम निज लोक सिधाये॥
जो यह कथा सुनैं चित लावें।अन्त समय सुरपति पद पावें॥

गोवर्द्धन है नाम तिहारौ।करते भक्तन कौ निस्तारौ॥
जो नर तुम्हरे दर्शन पावें।तिनके दुःख दूर ह्वै जावें॥

कुण्डन में जो करें आचमन।धन्य धन्य वह मानव जीवन॥
मानसी गंगा में जो न्हावें।सीधे स्वर्ग लोक कूँ जावें॥

दूध चढ़ा जो भोग लगावें।आधि व्याधि तेहि पास न आवें॥
जल फल तुलसी पत्र चढ़ावें।मन वांछित फल निश्चय पावें॥

जो नर देत दूध की धारा।भरौ रहे ताकौ भण्डारा॥
करें जागरण जो नर कोई।दुख दरिद्र भय ताहि न होई॥

'श्याम' शिलामय निज जन त्राता।भक्ति मुक्ति सरबस के दाता॥
पुत्र हीन जो तुम कूँ ध्यावें।ताकूँ पुत्र प्राप्ति ह्वै जावें॥

दंडौती परिकम्मा करहीं।ते सहजहि भवसागर तरहीं॥

कलि में तुम सम देव न दूजा।सुर नर मुनि सब करते पूजा॥

॥ दोहा ॥
जो यह चालीसा पढ़ै,सुनै शुद्ध चित्त लाय।
सत्य सत्य यह सत्य है,गिरिवर करै सहाय॥

क्षमा करहुँ अपराध मम,त्राहि माम् गिरिराज।
श्याम बिहारी शरण में,गोवर्द्धन महाराज॥

## Giriraj Chalisa in English

**|| Doha ||**
**Bandhu Veena Vadini, Dhari Ganapati Ko Dhyan.**
**Mahashakti Radha Sahit, Krishna Karau Kalyan.**

**Sumiran Kari Sab Devgan, Guru Pitu Barambar.**
**Barnau Shree Giriraj Yash, Nij Mati Ke Anusar.**

**|| Chaupai ||**
**Jai Ho Jai Bandit Giriraja. Braj Mandal Ke Shree Maharaja.**
**Vishnu Roop Tum Ho Avatari. Sundarta Pai Jag Balihari.**

**Swarn Shikhar Ati Shobha Pame. Sur Muni Gan Darshan Ko Aame.**
**Shant Kandra Swarg Samana. Jahan Tapasvi Dharte Dhyan.**

**Dronagiri Ke Tum Yuvraja. Bhaktan Ke Sadhau Hau Kaja.**
**Muni Pulastya Ji Ke Man Bhaye. Jor Vinay Kar Tum Ko Laye.**

**Munivar Sangh Jab Braj Mein Aaye. Lakhi Brajbhumi Yahan Thaharaye.**
**Vishnu Dham Gaulok Suhavan. Yamuna Govardhan Vrindavan.**

**Dekha Dev Man Mein Lalchaye. Bas Karan Bahu Roop Banaye.**
**Kou Banar Kou Mrig Ke Roopa. Kou Vriksh Kou Lata Swaroopa.**

**Anand Le Golok Dham Ke. Param Upasak Roop Naam Ke.**
**Dwapar Ant Bhaye Avatari. Krishnachandra Anand Murari.**

**Mahima Tumhari Krishna Bakhani. Pooja Karibe Ki Man Thani.**
**Brajvasi Sab Ke Liye Bulai. Govardhan Pooja Karvai.**

**Poojan Ko Vyajan Banvaye. Brajvasi Ghar Ghar Te Laye.**
**Gwal Bal Mili Pooja Keeni. Sahas Bhuja Tumne Kar Leeni.**

**Swayam Prakat Ho Krishna Pooja Mein. Maang Maang Ke Bhojan Pame.**
**Lakhi Nar Nari Man Harshame. Jai Jai Jai Girivar Gun Game.**

**Devaraj Man Mein Risiyaaye. Nasht Karan Braj Megh Bulaye.**
**Chhaya Kar Braj Liyao Bachai. Ekau Boond Na Neeche Aayi.**

**Saat Diwas Bhai Barsa Bhari. Thake Megh Bhari Jal Dhaari.**
**Krishnachandra Ne Nakh Pai Dhare. Namo Namo Braj Ke Rakhware.**

**Kari Abhiman Thake Sursai. Kshama Maang Puni Astuti Gai.**
**Trahi Maam Main Sharan Tihari. Kshama Karo Prabhu Chook Hamari.**

**Baar Baar Binti Ati Keeni. Saat Kos Parikamma Deeni.**
**Sang Surabhi Airavat Laye. Haath Jod Kar Bhent Gahaye.**

**Abhay Daan Pai Indra Sihaye. Kari Pranam Nij Lok Sidhaye.**
**Jo Yah Katha Sunain Chit Lave. Ant Samay Surpati Pad Pave.**

**Govardhan Hai Naam Tiharo. Karte Bhaktan Kou Nistaro.**
**Jo Nar Tumhare Darshan Pave. Tinke Dukh Door Hwai Jave.**

**Kundan Mein Jo Karein Aachman. Dhanya Dhanya Wah Manav Jeevan.**
**Mansi Ganga Mein Jo Nhavein. Seedhe Swarg Lok Ko Javein.**

**Doodh Chadha Jo Bhog Lagave. Aadhi Vyadhi Tehi Paas Na Aave.**
**Jal Phal Tulsi Patra Chadhawe. Man Vanshit Phal Nishchay Pawe.**

**Jo Nar Det Doodh Ki Dhara. Bharau Rahe Takao Bhandara.**
**Karein Jagaran Jo Nar Koi. Dukh Daridr Bhay Tahi Na Hoi.**

**'Shyam' Shilamay Nij Jan Trata. Bhakti Mukti Sarbas Ke Data.**
**Putra Hin Jo Tum Ko Dhyave. Taku Putra Prapti Hwai Jave.**

**Dandauti Parikamma Karahi. Te Sahajahi Bhavsagar Tarahi.**
**Kali Mein Tum Sam Dev Na Dooja. Sur Nar Muni Sab Karte Pooja.**

**|| Doha ||**
**Jo Yah Chalisa Padhe, Sunain Shuddh Chitt Laye.**
**Satya Satya Yah Satya Hai, Girivar Karai Sahay.**

**Kshama Karahu Aparadh Mam, Trahi Maam Giriraj.**
**Shyam Bihari Sharan Mein, Govardhan Maharaj.**